www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 09/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:30 AM |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक 375 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 10.2 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 15 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 76.2 ✗
2. 77.6 ✗
3. 79.8 ✓
4. 77.3 ✗

**Q.2** $\left(\frac{64}{64}\right)^{-\left(\frac{3}{2}\right)} \times \left(\frac{2}{8}\right)^4 \div \sqrt[4]{(16)^{-3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. $\frac{1}{22}$ ✗
2. $\frac{1}{42}$ ✗
3. $\frac{1}{23}$ ✗
4. $\frac{1}{32}$ ✓

**Q.3** हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (6 - 6 ÷ 3) ÷ 2}]

**Ans**
1. 28 ✗
2. 26 ✗
3. 27 ✓
4. 29 ✗

**Q.4** किसी धनराशि में साधारण ब्याज दर से 4 वर्ष में 40% की वृद्धि होती है। ₹15,000 का समान ब्याज दर से 3 वर्ष बाद चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा (जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है)?

**Ans**
1. ₹4,965 ✓
2. ₹1,331 ✗
3. ₹19,965 ✗
4. ₹5,000 ✗

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.5 एक पाइप एक टंकी को 7 घंटे में भर सकता है। दूसरा पाइप भरी हुई टंकी को 21 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 28
✗ 2. 21
✗ 3. 14
✓ 4. 7

Q.6 एक परीक्षा में, जॉन द्वारा अंग्रेजी, गणित, हिंदी और ड्राइंग में प्राप्त औसत अंक 50.5 थे। गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और क्राफ्ट में उनके औसत अंक 70 थे। यदि सभी सात विषयों में औसत अंक 58 थे, तो गणित में उसके अंक कितने थे?

Ans
✗ 1. 50
✗ 2. 60
✗ 3. 52
✓ 4. 76

Q.7 यदि कोई वस्तु अंकित मूल्य पर बेची जाती है, तो लाभ का प्रतिशत 50% है। अंकित मूल्य पर x% की छूट दी जाती है और अर्जित लाभ x% है। x का मान ______ है।

Ans
✓ 1. 20
✗ 2. 27.5
✗ 3. 25
✗ 4. 22.5

Q.8 यदि (5420 + 3312 + x) ÷ 600 = 25.93 हो तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1558
✓ 2. 6826
✗ 3. 6287
✗ 4. 6359

Q.9 8 संख्याओं का योगफल 924 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 114.5
✗ 2. 113.5
✓ 3. 115.5
✗ 4. 116.5

Q.10 प्रथम 130 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 131.5
✓ 2. 131
✗ 3. 130.5
✗ 4. 132

Q.11 हल कीजिए: 2 × {17 - 3 × (8 -6)}

Ans
✗ 1. 21
✗ 2. 19
✓ 3. 22
✗ 4. 26

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.12 28 cm व्यास और 14 m लंबाई वाले किसी तार का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।
$\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ लीजिए}\right)$

Ans
1. 861400
2. 862400 ✔
3. 861900
4. 862500

Q.13 एक विद्यालय में 2664 विद्यार्थी हैं तथा विद्यालय में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 41 : 31 है, तो विद्यालय में लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1499
2. 1509
3. 1515
4. 1517 ✔

Q.14 24 और 36 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8
2. 18
3. 12 ✔
4. 6

Q.15 एक थोक व्यापारी सोयाबीन तेल का एक टिन ₹5,720 में बेचता है और उसे 12% की हानि होती है। अब, यदि वह सोयाबीन तेल का दूसरा टिन ₹7,475 में बेचने का निर्णय लेता है, तो दूसरे टिन की बिक्री में उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 25%
2. 10%
3. 15% ✔
4. 20%

Q.16 धारा की चाल 4 km/hr है। एक मोटरबोट 6 km धारा के विपरीत दिशा में जाती है और 48 मिनट में वापस प्रारंभिक बिंदु पर आ जाती है। नाविक की मोटर की चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
1. 16 ✔
2. 17
3. 8
4. 18

Q.17 पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 77 है और तीसरी संख्या 132 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 209
2. 185.5
3. 210
4. 184.5 ✔

Q.18 यदि क्रय मूल्य, विक्रय मूल्य का 72% है तो लाभ प्रतिशत (लगभग) कितना है?

Ans
1. 38.8% ✔
2. 61.2%
3. 14.4%
4. 28%

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.19 एक कार पहले घंटे में 194 km और दूसरे घंटे में 286 km की यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 249
✗ 2. 234
✗ 3. 246
✓ 4. 240

Q.20 निम्नलिखित समीकरण में 'y' का मान ज्ञात कीजिए।

$72 \div 4 + y \times 6 - 22 = 14$

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 5
✗ 3. 2
✓ 4. 3

Q.21 तीन पाइप, A, B और C, मिलकर एक टैंक को 8 घंटे में भर सकते हैं। 2 घंटे एकसाथ मिलकर काम करने के बाद, C बंद हो जाता है, और A तथा B शेष भाग को 9 घंटे में भर सकते हैं। C द्वारा अकेले खाली टैंक को भरने में लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 24 घंटे
✗ 2. 16 घंटे
✗ 3. 20 घंटे
✗ 4. 12 घंटे

Q.22 यदि एक पाइप एक टैंक को 5 घंटे में भर सकता है और दूसरा पाइप उसी टैंक को 8 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खुले हों, तो दोनों पाइपों द्वारा 1 घंटे में टैंक का कितना भाग भर जाएगा?

Ans
✗ 1. $\frac{1}{40}$
✗ 2. $\frac{1}{10}$
✗ 3. $\frac{3}{20}$
✓ 4. $\frac{3}{40}$

Q.23 एक व्यापारी अपने माल पर लागत मूल्य से 30% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा अपने ग्राहकों को उनके बिलों पर 20% की छूट देता है। उसे कितने प्रतिशत लाभ होता है?

Ans
✓ 1. 4%
✗ 2. 8%
✗ 3. 2%
✗ 4. 6%

Q.24 किसी परीक्षा में एक विद्यार्थी के अंक 72 से बढ़कर 90 हो गए। विद्यार्थी के अंकों में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
✗ 1. 10%
✗ 2. 15%
✗ 3. 20%
✓ 4. 25%

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.25 PQRS एक आयत है। भुजा PQ एवं QR का अनुपात 3 : 4 है। यदि विकर्ण PR की लंबाई 10 cm है, तो आयत का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 36
2. 30
3. 24
4. 28 ✔

Q.26 पाँच अंकों की सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 11, 22, 33, 44 और 55 से पूर्णतः विभाज्य है।

Ans
1. 99860
2. 99680
3. 99880
4. 99660 ✔

Q.27 ₹3,600 की धनराशि वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की किस दर से 2 वर्षों में ₹4,277.16 हो जाएगी?

Ans
1. 8.5%
2. 9% ✔
3. 8%
4. 9.5%

Q.28 दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। अजय, प्रत्येक बैंक से ₹500000 की राशि ऋण पर लेता है। 2 वर्ष बाद अजय द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24500
2. 26500
3. 26000
4. 25000 ✔

Q.29 उस घन का आयतन ज्ञात कीजिए जिसके विकर्ण की लम्बाई $18\sqrt{3}$ cm है।

Ans
1. 8,235 $cm^3$
2. 3,258 $cm^3$
3. 2,538 $cm^3$
4. 5,832 $cm^3$ ✔

Q.30 एक संख्या में 40 % की वृद्धि करने पर 3290 प्राप्त होता है। वह संख्या ________ है।

Ans
1. 7050
2. 4700
3. 2350 ✔
4. 1175

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 1 से 17 के बीच की सभी अभाज्य संख्याओं से पूर्णतः विभाज्य है?

Ans
1. 550540
2. 150150 ✔
3. 818313
4. 459545

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.32 किसी कंपनी को कुछ लाभ (₹ में) प्राप्त होता है, जिसे कंपनी के तीन भागीदारों के बीच 12 : 13 : 15 के अनुपात में वितरित किया जाता है। यदि सबसे छोटे और सबसे बड़े हिस्से के बीच का अंतर ₹36684 है, तो कंपनी का कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 489096
✗ 2. 489144
✗ 3. 489085
✓ 4. 489120

Q.33 ₹27 प्रति kg वाली चीनी को ₹55 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹57.6 प्रति kg पर बेचने पर 44% का लाभ हो?

Ans
✗ 1. 15 : 17
✗ 2. 15 : 11
✓ 3. 15 : 13
✗ 4. 14 : 16

Q.34 84 km/h की चाल से चलने वाली एक बस, 7 घंटे में एक यात्रा पूरी करती है। 14 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए, बस किस चाल से यात्रा करेगी?

Ans
✗ 1. 44 km/h
✗ 2. 40 km/h
✗ 3. 45 km/h
✓ 4. 42 km/h

Q.35 एक खाली भंडारण टैंक में 57 लीटर पेट्रोल डालने के बाद भी यह 1% खाली रह गया था। भंडारण टैंक को भरने के लिए उसमें कितना पेट्रोल (लीटर में, दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) डालना होगा?

Ans
✗ 1. 58.58
✗ 2. 58
✗ 3. 56.58
✓ 4. 57.58

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 उस त्रिक का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MT-PW-RU
PW-SZ-UX

Ans
✓ 1. EL-HO-JM
✗ 2. FL-HP-JN
✗ 3. EL-HO-JN
✗ 4. FL-HO-JN

Q.37 यदि संख्या 2435 के विषम स्थानों के अंकों में 1 जोड़ दिया जाए तथा सम स्थानों के अंक अपरिवर्तित रहें, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के पहले अंक और अंतिम अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✗ 1. 9
✓ 2. 8
✗ 3. 10
✗ 4. 11

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.38 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'POST' को '3671' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'SOLE' को '2168' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'TALK' को '5789' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 1
✘ 3. 6
✘ 4. 8

Q.39 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B और F के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। E, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, G के बाईं ओर किसी एक स्थान पर लेकिन A के दाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है। B और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. 2
✘ 2. 3
✔ 3. 4
✘ 4. 1

Q.40 सात बॉक्स A, B, C, D, U, V और W एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। V को U के ठीक ऊपर रखा गया है। A को B के ठीक ऊपर रखा गया है। C के ऊपर केवल W को रखा गया है। V के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। A को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। D और W के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✔ 1. तीन
✘ 2. चार
✘ 3. दो
✘ 4. एक

Q.41 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
KIO : IFJ
JDI : HAD

Ans
✔ 1. FUP : DRK
✘ 2. DQW : BNS
✘ 3. FPT : DMP
✘ 4. CRG : ANB

Q.42 सात मित्र C, D, E, P, Q, R और S, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति बैठे हैं। D के दाएं कोई नहीं बैठा है। Q और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, D के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। R, C के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। P, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। S और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. दो
✔ 2. तीन
✘ 3. एक
✘ 4. एक भी नहीं

Q.43 एक निश्चित कूट भाषा में, 'she is beautiful' को 'ne oq bs' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'where is he' को 'os tr oq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'is' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✘ 1. os
✘ 2. tr
✔ 3. oq
✘ 4. ne

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.44 गुरु बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए पूर्व की ओर 32 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 34 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 35 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 36 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
1. 2 km उत्तर की ओर
2. 4 km उत्तर की ओर
3. 3 km दक्षिण की ओर
4. 2 km दक्षिण की ओर

Q.45 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(6, 20, 26)
(4, 14, 20)

Ans
1. (5, 17,23)
2. (9, 29, 23)
3. (12, 34, 40)
4. (8, 22, 28)

Q.46 यदि संख्या 91624538 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में नई संख्या में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. एक भी नहीं
2. दो
3. एक
4. तीन

Q.47 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P @ I + T * C - H' है, तो P का H से क्या संबंध है?

Ans
1. पिता के भाई की बहन
2. पिता के भाई की माता
3. पिता के पुत्र की बहन
4. पिता के भाई का पुत्र

Q.48 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

MBF69, YPR101, KDD133, WRP165, ?

Ans
1. ICB197
2. LFB197
3. IFB197
4. IFB198

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.49 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी कॉटेज, इमारत हैं।
सभी कॉटेज, गगनचुंबी इमारत हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ इमारत, गगनचुंबी इमारत हैं।
(II) सभी गगनचुंबी इमारत, कॉटेज हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.50 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) $ < 2 7 > / 7 5 6 / < @ * 6 @ 8 3 9 $ ^ 6 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या तथा ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. एक भी नहीं
✔ 3. एक
✘ 4. तीन

Q.51 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ बकरियां, टिकट हैं।
कोई घड़ी, टिकट नहीं हैं।
सभी टिकट, कबूतर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बकरियां, कबूतर हैं।
(II) कुछ बकरियां, घड़ी नहीं हैं।

Ans
✘ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✔ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. AC – DF
✘ 2. VH – TL
✘ 3. ZZ – XD
✘ 4. DR – BV

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.53 अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला पूरी हो जाएगी।

DB_A H_GE _JKI PN_M T_SQ

Ans
1. CFLOR ✔
2. CFMOR ✘
3. CELOR ✘
4. CFLOS ✘

Q.54 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D और E का निकटतम पड़ोसी A है। B के बाईं ओर से गिनने पर B और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. शून्य ✘
2. चार ✘
3. एक ✘
4. तीन ✔

Q.55 यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
9 B 2 A 3 C 8 D 3 = ?


Ans
1. 5 ✘
2. 9 ✘
3. 8 ✘
4. 11 ✔

Prepp Your Personal Exam Guide


www.prepp.in


Prepp
Your Personal Exams Guide


Q.56 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूरी हो जाएगी।





Ans

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

Q.57 B, E, Y, O, N, D और S में से प्रत्येक का साक्षात्कार सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होता है। D से पहले केवल तीन व्यक्तियों का साक्षात्कार होता है। E का साक्षात्कार, O के बाद किसी एक दिन और S से पहले किसी एक दिन होता है। Y का साक्षात्कार, N के बाद किसी एक दिन और B के साक्षात्कार से पहले किसी एक दिन होता है। N का साक्षात्कार, D के साक्षात्कार के बाद किसी एक दिन होता है। Y और E के बीच कितने व्यक्तियों का साक्षात्कार होता है?

Ans

✗ 1. एक

✓ 2. तीन

✗ 3. शून्य

✗ 4. दो

Q.58 एक निश्चित कूट भाषा में, ‘all the way’ को ‘io er sw’ के रूप में कूटबद्ध किया गया है और ‘we all are’ को ‘tg io nb’ के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में ‘all’ को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans

✓ 1. io

✗ 2. nb

✗ 3. sw

✗ 4. tg

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.59 दर्पण बिंदु P से ड्राइव करना शुरू करती है और पश्चिम की ओर 8 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 10 km ड्राइव करती है। वह फिर से दाएं मुड़ती है और 12 km ड्राइव करती है। वह फिर से दाएं मुड़ती है और 16 km ड्राइव करती है। अंत में वह फिर से दाएं मुड़ती है और 4 km ड्राइव करने के बाद बिंदु Q पर रुक जाती है। बिंदु P पर वापस जाने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 6 km पूर्व की ओर
- ✗ 2. 6 km पश्चिम की ओर
- ✓ 3. 6 km उत्तर की ओर
- ✗ 4. 4 km पश्चिम की ओर

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. DS - CR
- ✓ 2. LR - JP
- ✗ 3. WH - VG
- ✗ 4. GK - FJ

Q.61 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 6 9 18 45 ?

Ans
- ✗ 1. 150
- ✗ 2. 140
- ✓ 3. 135
- ✗ 4. 145

Q.62 उस त्रिक का चयन करें, जो दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DM - JO - PQ
KQ - QS - WU


Ans
- ✗ 1. IH - GF – NM
- ✓ 2. EC - KE - QG
- ✗ 3. DC - BA - YX
- ✗ 4. VU - TR - QO

Prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in


Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.63** यदि नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.64** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बन, ग्राइंडर हैं।
सभी ग्राइंडर, लैंप हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कुछ लैंप, ग्राइंडर हैं।
(II) : सभी बन, लैंप हैं।

**Ans**

✓ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.65** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

AFC18 DIF27 GLI36 JOL45 ?

**Ans**

✗ 1. MKO55

✗ 2. MNO64

✓ 3. MRO54

✗ 4. MPL50

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Q.66 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A # B' का अर्थ है 'A, B की माता है',
'A % B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।

यदि 'K @ L % P # O – Y' है तो K का Y से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पत्नी की माता का भाई
✓ 2. पत्नी की माता के पिता
✗ 3. पत्नी का भाई
✗ 4. पत्नी के पिता

Q.67 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं और गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)।

(बाएं) 7 2 9 2 5 5 4 3 9 3 2 5 3 9 1 7 1 5 3 3 2 2 8 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक भी है?

Ans
✗ 1. एक भी नहीं
✗ 2. एक
✗ 3. दो
✓ 4. तीन

Q.68 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

31 63 127 255 ? 1023

Ans
✗ 1. 411
✗ 2. 711
✓ 3. 511
✗ 4. 611

Q.69 निम्नलिखित संख्या श्रृखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएं) 2 3 4 7 6 8 1 5 9 2 6 5 7 4 3 8 1 5 9 7 3 4 2 1 5 4 7 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
✓ 1. तीन से अधिक
✗ 2. तीन
✗ 3. दो
✗ 4. एक

Q.70 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

16 27 49 82 ? 181

Ans
✗ 1. 124
✓ 2. 126
✗ 3. 125
✗ 4. 127

Section : **General Awareness**

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.71 सागरमाला परियोजना के तहत, परियोजनाओं के समग्र समूह को कितने स्तंभों में विभाजित किया गया था?

Ans
1. 11
2. 9
3. 5 ✔
4. 7

Q.72 भारत में मोहन वीणा के आविष्कारक के रूप में किसे जाना जाता है?

Ans
1. बुधादित्य मुखर्जी
2. पं. विश्वमोहन भट्ट ✔
3. एम राजम
4. हर शंकर भट्टाचार्य

Q.73 किस हवाई अड्डे को नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में जाना जाता है?

Ans
1. हैदराबाद
2. कोलकाता ✔
3. भुवनेश्वर
4. पटना

Q.74 भारत को किस वर्ष भुगतान संतुलन के गंभीर संकट का सामना करना पड़ा था, जिसके कारण भारत में आर्थिक सुधारों को लागू किया गया?

Ans
1. 1985
2. 1990
3. 1991 ✔
4. 1981

Q.75 अनुच्छेद 164 के अनुसार राज्य मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है?

Ans
1. विधान सभा की कुल संख्या का 20%
2. विधान सभा की कुल संख्या का 15% ✔
3. विधान सभा की कुल संख्या का 12%
4. विधान सभा की कुल संख्या का 10%

Q.76 डॉ. बीआर अंबेडकर को 1947 में स्वतंत्र भारत का _____________ नियुक्त किया गया था।

Ans
1. रक्षा मंत्री
2. वित्त मंत्री
3. कानून मंत्री ✔
4. शिक्षा मंत्री

Q.77 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की किस धारा के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) की स्थापना की गई?

Ans
1. धारा 10 ✔
2. धारा 12
3. धारा 21
4. धारा 15

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.78 कलश कोशिकाएं (Goblet cells) विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मानव शरीर में कलश कोशिकाएं मुख्य रूप से कहां स्थित होती हैं?

Ans
- ✗ 1. मस्तिष्क में
- ✓ 2. पाचन पथ में
- ✗ 3. यकृत में
- ✗ 4. वृक्कों में

Q.79 निम्नलिखित में से कौन, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 'उदारवादी' चरण से संबद्ध नहीं था?

Ans
- ✗ 1. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
- ✗ 2. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✓ 3. बिपिन चंद्र पाल
- ✗ 4. दादाभाई नौरोजी

Q.80 भारतीय संविधान के भाग IV के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक करने का प्रावधान है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 51
- ✗ 2. अनुच्छेद 48
- ✗ 3. अनुच्छेद 49
- ✓ 4. अनुच्छेद 50

Q.81 अशफ़ाक़उल्ला खान सहित राम प्रसाद बिस्मिल और उनके साथियों ने किस वर्ष काकोरी ट्रेन कांड को अंजाम दिया था?

Ans
- ✗ 1. 1918
- ✗ 2. 1920
- ✗ 3. 1922
- ✓ 4. 1925

Q.82 असम सरकार ने अगस्त 2024 में किस उद्देश्य से 'निजुत मोइना' योजना शुरू की?

Ans
- ✗ 1. उन सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना जो उचित उपचार का खर्च वहन नहीं कर सकते
- ✗ 2. स्वदेशी बुनकरों का समर्थन करना और उनके पारंपरिक हाथ से बुने हुए वस्तुओं को बढ़ावा देना
- ✓ 3. छात्राओं को सशक्त बनाकर और कम उम्र में विवाह की जगह शिक्षा को बढ़ावा देकर बाल विवाह को खत्म करना
- ✗ 4. गरीब परिवारों की वित्तीय कठिनाइयों को खत्म करना

Q.83 2024 की तीसरी तिमाही (Q3 2024) के अंत में, आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक का निवल एनपीए (NPA) अनुपात कितना था?

Ans
- ✓ 1. 0.44%
- ✗ 2. 0.50%
- ✗ 3. 0.43%
- ✗ 4. 0.55%

Q.84 एसिटिक अम्ल निम्नलिखित में से किस रसोई सामग्री में पाया जाता है?

Ans
- ✓ 1. सिरका
- ✗ 2. चीनी
- ✗ 3. खाने का सोडा
- ✗ 4. दूध

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.85 8 नवंबर, 2024 को FIH हॉकी स्टार पुरस्कार समारोह में मेन्स गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसने जीता?

Ans
1. कृष्ण पाठक
2. सूरज कारकेरा
3. जरमनप्रीत सिंह
4. पी.आर. श्रीजेश

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम, माउंटबेटन योजना पर आधारित था?

Ans
1. संविधान सभा की संरचना
2. भारत सरकार अधिनियम, 1935
3. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947
4. साइमन कमीशन, 1927

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाशील आर्थिक विकास का एक उदाहरण है?

Ans
1. उपभोक्ता मूल्यों में वृद्धि
2. रोजगार के अवसरों तक बेहतर पहुंच
3. अधिक माल का उत्पादन करने वाला कारखाना
4. अपनी ब्याज दरों को कम करने वाला देश

Q.88 2024 में शुरू की गई HSBC इंडिया की वैश्विक शिक्षा भुगतान सेवा, भारतीय विद्यार्थियों को कितने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में फीस का भुगतान करने की सुविधा देती है?

Ans
1. 400
2. 300
3. 600
4. 500

Q.89 भारत में मौसमी बेरोजगारी का उच्चतम स्तर किस क्षेत्र में पाया जाता है?

Ans
1. स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र
2. शिक्षा क्षेत्र
3. आईटी क्षेत्र
4. कृषि क्षेत्र

Q.90 एसबीआई (SBI) को वित्तीय वर्ष 2024 के अंत तक लाभ में से कितनी धनराशि पुनर्निवेशित करने की प्रत्याशा है?

Ans
1. ₹9,164 करोड़
2. ₹14,205 करोड़
3. ₹40,000 करोड़
4. ₹47,620 करोड़

Q.91 विशाल भारतीय मैदान मुख्यतः ________________ के लिए जाने जाते हैं।

Ans
1. जलोढ़ मृदा और निम्न कृषीय उत्पादकता
2. खनिज संसाधन और बालू के टिब्बे
3. जलोढ़ मृदा और उच्च कृषीय उत्पादकता
4. मरुस्थलीय वनस्पति

Q.92 1909 के भारतीय परिषद अधिनियम को ________ के नाम से भी जाना जाता है।

Ans
1. इल्बर्ट बिल (Ilbert Bill)
2. पिट्स इंडिया एक्ट (Pitt's India Act)
3. मॉर्ले-मिंटो सुधार (Morley-Minto Reforms)
4. मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार (Montagu-Chelmsford Reforms)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.93 सितंबर 2024 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम (BBF) का नया चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया?

Ans
- ✗ 1. किशोर कंसागरा
- ✗ 2. हर्ष मेहता
- ✗ 3. गौतम अडाणी
- ✓ 4. अनूप गुप्ता

Q.94 _______ की घटना के बाद गरमपंथी नेताओं की तिकड़ी, लाल-बाल-पाल काफी लोकप्रिय हो गई थी।

Ans
- ✗ 1. अ-सहयोग आंदोलन
- ✓ 2. बंगाल के विभाजन
- ✗ 3. द्वितीय विश्व युद्ध
- ✗ 4. दांडी मार्च

Q.95 ओंकारेश्वर परियोजना निम्नलिखित में से किस नदी से संबंधित है?

Ans
- ✓ 1. नर्मदा
- ✗ 2. चंबल
- ✗ 3. तापी
- ✗ 4. भीमा

Q.96 यूएस-नाइजीरिया ______ परिवहन समझौता, जो 2000 से अस्थायी (provisionally) रूप से अस्तित्व में है, 13 मई, 2024 से लागू हुआ था।

Ans
- ✗ 1. सड़क
- ✗ 2. रेल
- ✗ 3. जल
- ✓ 4. वायु

Q.97 महाराजाधिराज की वैभवशाली उपाधि धारण करने वाला गुप्त राजवंश का प्रथम शासक कौन था?

Ans
- ✗ 1. स्कंदगुप्त
- ✓ 2. चंद्रगुप्त प्रथम
- ✗ 3. कुमारगुप्त
- ✗ 4. विष्णुगुप्त

Q.98 'अकबरनामा' का पहला खंड _______ के इतिहास से संबंधित था।

Ans
- ✗ 1. अकबर की सेना और राजस्व
- ✗ 2. अकबर के प्रशासन
- ✓ 3. अकबर के पूर्वजों
- ✗ 4. अकबर के शासनकाल की घटनाओं

Q.99 किसी निकाय (system) के लिए जड़त्व आघूर्ण (I) कोणीय वेग (ω) ग्राफ किस तरह दिखता है?

Ans
- ✗ 1. मूल बिंदु से होकर गुजरने वाली ऋजु रेखा
- ✓ 2. आयताकार अतिपरवलय
- ✗ 3. सिग्माभी
- ✗ 4. चरघातांकी

Q.100 जुलाई 2024 में, भारत सरकार ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की किस श्रेणी में अपग्रेड किया?

Ans
- ✓ 1. शेड्यूल A
- ✗ 2. शेड्यूल C
- ✗ 3. शेड्यूल B
- ✗ 4. शेड्यूल D

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.101 महान भारतीय मरुस्थल (Great Indian Desert) को _________ के नाम से भी जाना जाता है।

Ans
✔ 1. थार मरुस्थल
✘ 2. मालवा पठार
✘ 3. दक्कन पठार
✘ 4. कच्छ मरुस्थल

Q.102 भारतीय संविधान में उल्लिखित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
✘ 1. DPSP कानूनी रूप से बाध्य हैं।
✘ 2. DPSP न्यायोचित हैं।
✘ 3. DPSP गैर-संशोधनीय हैं।
✔ 4. DPSP न्यायोचित नहीं हैं।

Q.103 नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व (Nanda Devi Biosphere Reserve) किस राज्य में स्थित है?

Ans
✘ 1. कर्नाटक
✘ 2. हिमाचल प्रदेश
✔ 3. उत्तराखंड
✘ 4. ओडिशा

Q.104 IFFI 2024 में भारतीय पैनोरमा खंड के लिए उद्घाटन फिल्म के रूप में किस फिल्म का चयन किया गया?

Ans
✔ 1. स्वातंत्र्य वीर सावरकर (Swatantrya Veer Savarkar)
✘ 2. करखाणु (Karkhanu)
✘ 3. कल्कि 2898 ई (Kalki 2898 AD)
✘ 4. 12वीं फेल (12th Fail)

Q.105 29 जुलाई 2024 को सेबी द्वारा लॉन्च किए गए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-सक्षम चैटबॉट का नाम क्या है?

Ans
✔ 1. सेवा
✘ 2. शक्ति
✘ 3. सारथी
✘ 4. सफ़र

Q.106 एम.एस. गोपालकृष्णन (MS Gopalakrishnan) को भारत में निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र को बजाने के लिए जाना जाता है?

Ans
✘ 1. सारंगी
✔ 2. वायलिन
✘ 3. गिटार
✘ 4. सरोद

Q.107 बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम (IUPAC) निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
✔ 1. सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट
✘ 2. कैल्शियम कार्बोनेट
✘ 3. पोटैशियम बाइकार्बोनेट
✘ 4. सोडियम क्लोराइड

Q.108 स्वर्णिम चतुर्भुज (GQ) राजमार्ग नेटवर्क की कुल लंबाई लगभग कितनी है?

Ans
✘ 1. 1235 km
✘ 2. 1700 km
✔ 3. 5846 km
✘ 4. 7300 km

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.109 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 52 से 78 निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?

Ans
✗ 1. राज्य कार्यकारिणी (the State Executive)
✓ 2. संघ कार्यकारिणी (the Union Executive)
✗ 3. विधानमंडल (the Legislature)
✗ 4. न्यायपालिका (the Judiciary)

Q.110 कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में पद ___________ और तमिल में विद्वत्तापूर्ण रचनाएँ हैं।

Ans
✗ 1. संस्कृत
✗ 2. हिंदी
✓ 3. तेलुगु
✗ 4. कन्नड़

Q.111 निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कथन 1: प्रायद्वीपीय भारत में निश्चित शीत ऋतु होती है।
कथन 2: भारत के तटीय क्षेत्रों में तापमान के वितरण पैटर्न में शायद ही कोई मौसमी परिवर्तन होता है।

Ans
✗ 1. कथन 1 सही है, जबकि कथन 2 गलत है।
✗ 2. न तो कथन 1 और न ही कथन 2 सही है।
✗ 3. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।
✓ 4. कथन 2 सही है, जबकि कथन 1 गलत है।

Q.112 अगस्त 2024 में, ____________ का पता लगाने के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने आरटी-पीसीआर (RT-PCR) परीक्षण किट्स के निर्माण के लिए सीमेंस हेल्थिनीयर्स (Siemens Healthineers) को स्वीकृति दी थी।

Ans
✗ 1. स्वाइन फ्लू
✗ 2. डेंगू
✓ 3. मंकी पॉक्स
✗ 4. स्मॉल पॉक्स

Q.113 आउटसोर्सिंग क्या है?

Ans
✓ 1. अन्य देशों को कांट्रैक्ट पर सेवाएं प्रदान करना
✗ 2. मौद्रिक ऋण देना
✗ 3. माल आयात करना
✗ 4. माल निर्यात करना

Q.114 सितंबर 2024 में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2024-2027 कार्यकाल के लिए निम्नलिखित में से किस आयोग के गठन की मंजूरी दी थी?

Ans
✗ 1. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
✗ 2. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
✓ 3. विधि आयोग
✗ 4. वित्त आयोग

Q.115 प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (PMGSY) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. PMGSY एक 100 प्रतिशत केन्द्र प्रायोजित योजना है।
2. यह योजना मैदानी क्षेत्रों में 500 और उससे अधिक लोगों की आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों की असंबद्ध बस्तियों को सड़क के माध्यम से ग्रामीण संपर्क प्रदान करती है।
3. यह योजना पहाड़ी क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों पर लागू नहीं है।

Ans
✗ 1. केवल 1 और 3
✗ 2. केवल 2 और 3
✓ 3. केवल 1 और 2
✗ 4. 1, 2 और 3

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.116 रवि शंकर एक प्रसिद्ध ____________ वादक थे।

Ans
1. गिटार
2. सितार ✔
3. बांसुरी
4. तबला

Q.117 12 अगस्त 2024 को, आतंकवाद निरोध पर भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक कहां आयोजित की गई थी?

Ans
1. नई दिल्ली ✔
2. कोलकाता
3. बेंगलुरु
4. मुंबई

Q.118 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

Ans
1. व्योमेश चंद्र बनर्जी ✔
2. दादाभाई नौरोजी
3. गोपाल कृष्ण गोखले
4. फ़िरोज़ शाह मेहता

Q.119 इसरो ने पर्यावरण निगरानी, आपदा प्रबंधन और सुदूर संवेदन अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किए गए उन्नत पेलोड से लैस एक माइक्रोसैटेलाइट को कब लॉन्च किया?

Ans
1. 8 सितंबर 2024
2. 8 अगस्त 2024
3. 16 सितंबर 2024
4. 16 अगस्त 2024 ✔

Q.120 जब दूध दही में परिवर्तित हो जाता है, तो जीवाणु _____ को बढ़ाकर इसकी पोषण गुणवत्ता में सुधार करता है।

Ans
1. विटामिन D
2. विटामिन A
3. विटामिन B12 ✔
4. विटामिन C

Prepp Your Personal Exam Guide